# संविधान की उद्देशिका का वाचन कर शपथ दिलाई

## एक नजर में

### दारु, डीजे, दहेज से व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों का विनाश



**कसरावद, निप्र।** कसरावद तहसील के गांव साईं खेड़ा में आदिवासी समाज की एक दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समाज को नशे की बुरी लत, अधिक दहेज, एक से अधिक डीजे, मृत्यु भोज, रिश्वतखोरी और अन्य कुरीतियों से पूरी तरह मुक्त करने का संकल्प लिया गया। सरपंच जगदीश निगवाल द्वारा बताया गया कि दारु, डीजे, दहेज से व्यक्ति परिवार और समाज तीनों का विनाशक है इसलिए दारु, डीजे, दहेज पर नियंत्रण किया जाए बैठक में मुख्य रूप से मुख्य बिंदु पर विचार विमर्श किए गए व मिशन ध्3 का नियम अपनाने से ही समाज का वास्तविक उत्थान संभव है बैठक में दहेज रूपि दानव को कम करने फिजूलखर्ची और सामाजिक एकता को मजबूत करने के लिए अहम् फैसले लिए गए कार्यक्रम में गांव के वरिष्ठ नागरिकों महिलाओं के साथ-साथ स्थानीय कार्यकर्ता के सभी बच्चों ने भी उत्साह पूर्वक भाग लिया !हैं इस अवसर पर जगदीश निगवाल सरपंच, प्रताप चौहान, प्यारसिह निंगवाल, अंतर सिंह रावत, प्रवक्ता राजू डोडवे, जयस निहाल सिंह चौहान, रणछोड़ निगवाल, सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष रणजीत सिंह मंडलोई, शंकर मेडां, शिवराम डावर जनपद प्रतिनिधि, बद्री बडोले जनपद प्रतिनिधि, संजय चौहान, मांगीलाल मोरे, विजय जमरे, रमेश उचावले उप सरपंच, बंसीलाल रंधावा, कैलाश चौहान, संतोष निकवाल, सुनिल धार्वे, शंकर निगवाल, गब्बर, प्रेमलाल चौहान जामसिह निंगवाल, रमेश निंगवाल, जितेन्द्र चौहान, रतन जमरे, जगदीश रावत, जरदार निराले, कारण चौहान उपस्थित थे।

### लोगों ने अपने घरों के बाहर दीपक लगाकर पर्व मनाया

**बिस्टान नि प्र।** नगर सहित व आसपास के क्षेत्र में नाग दिवाली पर्व श्रद्धा भक्तित व उत्साह से मनाया गया। नाग दीपावली पर मंगलवार सुबह से ही नाग मंदिरो में भक्तों का आना-जाना लगा रहा। गणेश मार्केटिंग परिसर स्थित छोटा नाग देवता का आकर्षक श्रृंगार किया गया। महाकाल ग्रुफ द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी आयोजन किया गया। नाग मंदिर को विद्युत लड़ियों व फूलों से सजाया गया। शाम को मंदिर में आरती कर नगरवासियों ने भंडारे मैं सब्जी, पूड़ी, व शुद्ध घी के हलवे की महाप्रसादी ग्रहण की रात में राम जानकी विवाह के साथ रंगारंग आतिशबाजी की गई। लोगों ने अपने घरों के बाहर दीपक लगाकर पर्व मनाया।




### अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया

**बिस्टान नि प्र।** सांदीपनि विद्यालय बिस्टान में बुधवार को नवीन व्यवसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम के अंतर्गत ब्यूटी एवं वैलनेस ट्रेड में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के लिए उपस्थित ब्यूटी एक्सपर्ट आशा निहाले (ब्यूटिशियन) द्वारा छात्राओं को ब्राइडल मेकअप, पार्टी मेकअप, इंगेजमेंट मेकअप, सिंपल मेकअप, मेहंदी मेकअप करके छात्राओं को मेकअप की संपूर्ण जानकारी एवं सावधानियां के बारे में विस्तार से बिंदुवार बताया गया। खरगोन से आये ब्यूटिशियन आशा मेडम द्वारा बताया गया कि, छात्राओं में बहुत लग्न और उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य श्री बलराम भंवर, ओपी भालसे, ब्यूटी एंड वेलनेस की व्यावसायिक प्रशिक्षिका श्रीमती रजनी पाटिल, कैलाश पाटीदार, राकेश मंडलोई, जगदीश क्षेत्रे, लकी तिवारी, शांता मंडलोई, प्रीति पाटीदार, आई टी ट्रेनर अजय पाटीदार, जयश्री पाटिल व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।




### खंडवा रोड पर अतिक्रमण कर चल रहे चलित शराब अहाते बंद, सड़क हुई मुक्त

**सनावद।** नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री इंदर बिरला के नेतृत्व में मंगलवार रात्रि करीब 10 बजे खंडवा रोड स्थित शराब दुकान के सामने सड़क को पूरी तरह घेरकर बनाए गए अस्थाई चलित आहातों पर बड़ी कार्रवाई की गई। प्रशासन, पुलिस और नगरपालिका की संयुक्त टीम ने अतिक्रमण हटाकर सड़क को पूर्ण रूप से मुक्त करा दिया। लंबे समय से वार्ड क्रमांक 7 सहित आसपास के नागरिकों की शिकायत थी कि शराब दुकान के सामने सड़क पर ही अस्थाई टेंट, कुर्सियां और बोर्ड लगाकर चलित अहाता चलाया जा रहा है, जिससे मुख्य मार्ग अवरुद्ध हो रहा था और वाहन चालकों को भारी परेशानी हो रही थी। बार-बार समझाने के बावजूद ठेकेदार द्वारा कोई सुधार नहीं किया जा रहा था। शिकायत मिलने पर नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री इंदर बिरला स्वयं मौके पर पहुंचे और एसडीएम, थाना प्रभारी सनावद तथा नगरपालिका अमले की मौजूदगी में त्वरित कार्रवाई की गई। सभी अस्थाई संरचनाएं, बोर्ड और कुर्सी-मेज हटाए गए तथा सड़क को ट्रैफिक के लिए पूरी तरह खाली कराया गया। शराब ठेकेदार को सख्त चेतावनी दी गई कि भविष्य में सड़क पर इस प्रकार का अतिक्रमण बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही शहर को साफ-सुथरा और व्यवस्थित रखने की अपील की गई। इस त्वरित और साहसिक कार्रवाई से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। नागरिकों ने श्री इंदर बिरला और प्रशासनिक टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा की है तथा इसे जनहित में उठाया गया मजबूत कदम बताया है।



### तंत्र-मंत्र और धनवर्षा के नाम पर ठगी करने वाला गिरोह गिरफ्तार, बैंककर्मी से ठगे थे तीन लाख रुपए

**खरगोन।** जादू-टोने से घर में धनवर्षा का झांसा देकर 3 लाख रुपए की ठगी करने वाला गिरोह पुलिस के हत्थे चढ़ा है। पुलिस ने एक बैंककर्मी से तीन लाख रुपए ठगी के आरोप में एक महिला और दो पुरुषों को गिरफ्तार कर किया है। कोतवाली पुलिस ने बुधवार को मामले का खुलासा करते हुए बताया कि समीपी ग्राम कुम्हारखेड़ा के विक्की राधेश्याम चौहान ने 24 नवंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई कि शाम 7 बजे के करीब कार क्रमांक एमपी 09 सीजी 3321 सवार लोगों ने उसे उमरखली रोड़ पुलिया पर रोका। कार सवार महिला ने अपना नाम नेहा बताते हुए के धन वर्षा कराने के लालच में आकर में उन्हें अपने घर कुम्हारखेड़ा ले गया। वहां उन्हें तीन लाख रुपए दिए। यहां महिला के साथ ने खुद को गोविंद महाराज बताकर ने पूजन कर लाल कपड़ा में तीन लाख रुपए बांधे और मटके में रख दिए। इसके बाद मुझे शमसान जाने का कहा, शमशान में पूजा की विधि भी बताई। रात करीब 10 .30 बजे शमसान से लौटा तो घर पर कोई नही था। पुलिस ने बताया उमरखली रोड़ से ठगी करने वालों को पकड़ा है। इन्होंने अपना नाम शेख रहमान पिता बिस्मिल्ला निवासी मदीना नगर इंदौर, रितिक संजय कंगाली निवासी काटाकोड़ देवास और नेहा शर्मा उर्फ सपना पति बसंत बिल्लौरे निवासी सुदामा नगर इंदौर का होना बताया। नेहा ने बताया वह रितिक की पूर्व पत्नि है। तीनों को गिरफ्तार कर ठगी किए रुपए, कार सहित इनके मोबाइल जब्त किए है।





**नवभारत न्यूज़**

**मंडलेश्वर।** भारतीय संविधान को अंगीकार करने की वर्षगांठ संविधान दिवस पर जिला एवं सत्र न्यायालय मंडलेश्वर में प्रधान जिला न्यायाधीश श्री अखिलेश जोशी की गरिमामय उपस्थिति में संविधान की उद्देशिका का वाचन कनिष्ठ खंड न्यायाधीश सुश्री शिवांगनी भट्ट द्वारा किया गया। विशेष न्यायाधीश मसूद एहमद खान कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश पंकज सिंह माहेश्वरी जिला न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह जिला न्यायाधीश रवि झारोला जिला न्यायाधीश राजकुमार चौहान जिला न्यायाधीश दीपक चौधरी जिला रजिस्ट्रार एवं वरिष्ठ खण्ड न्यायाधीश मोहित बड़के और कर्मचारियों द्वारा शपथ ली गई। जिला विधिक सहायता अधिकारी चंद्रेश मंडलोई ने उपस्थित न्यायाधीश गण का आभार माना। इस अवसर पर नाजीर संतोष बैस डिप्टी चीफ रूपेश शर्मा पी एल वी दुर्गेश राजदीप जोजो मुरियाद्न सहित न्यायिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

**एस डी एम कार्यालय और शिक्षण संस्थानों पर भी हुए कार्यक्रम :** मंडलेश्वर के एस डी एम कार्यालय सामने कर्मचारियों की उपस्थिति में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री पूर्वा मंडलोई द्वारा संविधान की उद्देशिका का वाचन कर शपथ दिलाई गई इस अवसर पर तहसीलदार कैलाश सस्त्या कार्यपालिक दंडाधिकारी वरुण उपाध्याय सहित कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर के महात्मा गांधी शासकीय महाविद्यालय में संविधान दिवस पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें 50 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। प्राचार्य जे के सोनी द्वारा उद्देशिका का वाचन किया गया। शिक्षक ए के तिवारी आर के कुलश्रेष्ठ ने भारतीय संविधान की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भी संविधान दिवस मनाया गया। यहां शिक्षक संजय राज पाटीदार ने संविधान की उद्देशिका का वाचन कर छात्राओं को शपथ दिलाई और संविधान की जानकारी दी। निजी शिक्षा संस्थानों में भी संविधान दिवस पर विद्यार्थियों को संविधान की उद्देशिका का वाचन कर शपथ दिलाई गई। चरक इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड फार्मेसी कॉलेज में बी एड और बी फार्मा विद्यार्थियों को संस्था के संचालक भगवान पाटीदार द्वारा शपथ दिलाई गई इस अवसर पर डॉ बद्री प्रसाद पाटीदार प्राचार्य डॉ श्याम सिन्हा ललित पाटीदार जगदीश मौर्य महेंद्र सिंह चौहान। कालुसिंह सोनेर और जयप्रकाश श्रीवास शीत छात्र और स्टॉफ उपस्थित रहा।

### बच्चों को तनावमुक्त होकर पढ़ाई व जीवन में सफलता के विभिन्न उपाए बताए

भीकनगांव, निप्र। म,प्र राज्य आनंद संस्थान द्वारा आनंद विभाग परिचय कार्यक्रम के तहत जिले के ग्राम बमनाला मे बालक छात्रावास परिसर में मोटीवेशन सेशन आयोजित किया गया। जिला समन्वयक के, बी, मंसारे ने बताया कि बच्चों को तनाव मुक्त होकर पढ़ाई तथा जीवन में सफलता के विभिन्न उदाहरण व उपाय बताए। संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की रक्षा संविधान का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया। छात्रों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर छात्रावास अधीक्षक सुनिल सोलंकी का सहयोग रहा।




### संविधान दिवस के अवसर पर कसरावद में कार्यक्रम आयोजित किया




**कसरावद, निप्र।** 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर कसरावद में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। बाबासाहेब को नमन : सर्व समाज ने बाबासाहेब अंबेडकर जी को श्रद्धांजलि दी और उनके योगदान को याद किया। संविधान की शपथ : सभी नागरिकों ने भारतीय संविधान की शपथ ली, जिसमें समानता, न्याय, और भाईचारे का संकल्प लिया गया। स्वास्थ्य विभाग में फल वितरण : गर्भवती महिलाओं को फल वितरित किए गए, जिससे उनके स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने का संदेश दिया गया। सरकारी स्कूल में उत्सव : छोटे बच्चों ने संविधान दिवस मनाया, जिसमें गले मिलकर एक-दूसरे को बधाई दी गई। कसरावद का भाईचारा संदेश : सभी भाई-बहनों ने एक-दूसरे को गले लगाकर संविधान दिवस की शुभकामनाएँ दीं, जिससे कसरावद से भाईचारे का संदेश फैल गया। 'संविधान हमारा मार्ग, न्याय-समानता-भाईचारा हमारा व्रत' - जिसमें सभी अंबेडकर अनुराईउपस्थित रहे

### संविधान दिवस का आयोजन

**बड़वाह, निप्र।** जवाहरलाल नेहरू शासकीय स्नातक महाविद्यालय बड़वाह में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन व राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ. मंगला ठाकुर के निर्देशन में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ .राजेश पेंढारकर द्वारा बताया गया कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। संविधान हम सभी भारतीयों के लिए महत्वपूर्ण है, साथ ही संविधान का महत्व एवं संविधान में प्राप्त अधिकारों एवं कर्तव्यों के विषय पर चर्चा की गई। महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकरी डॉ. अरविंद श्रीवास्तव द्वारा संविधान के महत्व पर चर्चा करते हुए बताया गया कि संविधान एक पवित्र पुस्तक के समान हमारे लिए पूज्यनीय है। संविधान हमें न्याय, स्वतंत्रता, समानता का अधिकार प्रदान करता है। हमें सम्मान से जीने का अधिकार देता है, साथ ही संविधान के प्रति हमारे जो कर्तव्य हैं उन्हें भी हमें पालन करना चाहिए डॉ .श्रीवास्तव के द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से पधारे श्री धीरेंद्र चौधरी द्वारा भी संविधान का महत्व और उपयोगिता के विषय में चर्चा की गई। इस अवसर पर संविधान विषय पर प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमे उत्साह से विद्यार्थियो ने प्रश्नो के उत्तर दिये साथ ही अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के द्वारा संविधान के महत्वपूर्ण तथ्यों की एक प्रदर्शनी लगाई गई, जिससे विद्यार्थी संविधान के बारे में और अधिक से अधिक जान सके। कार्यक्रम का संचालन भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. रजनी खेडेकर के द्वारा किया गया। इस अवसर पर नंदा शर्मा, स्वप्निल तामगाडगे बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं महाविद्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहा।



### भारतीय संविधान दिवस का आयोजन




भीकनगांव निप्र। उच्च शिक्षा विभाग म .प्र शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय में भारतीय संविधान दिवस का आयोजन किया गया। यह आयोजन भारतीय ज्ञान परपंरा प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में किया गया। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य लक्ष्मण डावर ने अपने उद्बोधन में संविधान के विस्तृत स्वरूप एवं संविधान निर्माता डॉ .भीमराव अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। द्वितीय वक्ता प्रो . यजुवेन्द्र सिंह ने संविधान के महत्व पर चर्चा की एवं विद्यार्थियों को उनके मौलिक अधिकारो एवं कर्तव्यों के प्रति सजग किया। इसी क्रम में महाविद्यालय से प्रो .दिपक बडोले ने संविधान के निर्माण की प्रक्रिया को बताया। महाविद्यालय के डॉ .एम .एल .मोरे ने मध्यप्रदेश के डॉ .हरि सिंह गौर के संविधान सभा में योगदान को याद किया। इस कार्यक्रम के समापन में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन एवं प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो .शक्ति चौहान एवं आभार प्रदर्शन रासेयो प्रभारी प्रो .सुरेश डोडवे द्वारा माना गया।

## एक नजर में

लापरवाही पाये जाने पर अधीक्षण यंत्री निलंबित, उपयंत्री एवं सुपरविजन कंसल्टेंट के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश

# राकेश सिंह ने बाईपास का किया औचक निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**भोपाल।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बुधवार को खरगोन जिले में निर्माणाधीन खरगोन बाईपास राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 347 का स्थल पर पहुँचकर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य अभियंता श्री बी.पी. बोरासी, इंदौर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री सी.एस. खरत, मुख्य अभियंता (भवन) श्री सुरेंद्र राव गौरखेड़े तथा अधीक्षण यंत्री श्री मयंक शुक्ला मंत्री के साथ मौजूद रहे। माप परीक्षण के दौरान बाईपास पर चार स्थानों पर डीबीएम (ष्ठक्चरू) की मोटाई मानक के अनुरूप पाई गई, किंतु कॉम्पेक्शन असंतोषजनक पाया गया। साथ ही शोल्डर पर प्रयुक्त पत्थर निर्धारित सीमा—50 मिमी से कम—से अधिक आकार का मिला, जो गुणवत्ताहीन कार्य की पुष्टि करता है। निर्माण गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न निर्माण सामग्रियों के सैंपल लिए गए। सैंपल लेते समय यह भी सामने आया कि निर्धारित मापदंडों के अनुरूप बैग उपलब्ध नहीं थे। इस गंभीर लापरवाही पर मंत्री श्री सिंह ने तत्काल कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए।

प्रकरण में खरगोन प्रयोगशाला के प्रभारी अधीक्षण यंत्री श्री विजय सिंह पवार को तत्काल निलंबित कर दिया गया है। साथ ही संबंधित उपयंत्री के विरुद्ध कार्रवाई हेतु मुख्य अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग को निर्देशित किया गया है।

इसके अलावा, निर्माण स्थल पर सुपरविजन में अनियमितताएँ पाए जाने के कारण सुपरविजन कंसल्टेंट द्धष्टह्व के विरुद्ध भी कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए हैं। लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने स्पष्ट कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों सहित किसी भी सड़क परियोजना में गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभागीय लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी एवं एजेंसियों पर तत्काल और कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।



# किराये पर जेसीबी- पिकअप लेकर महाराष्ट्र में रख दिया था गिरवी, गिरफ्तार

## 2 जेसीबी, 3 पिकअप, 2 ट्रॉली व 1 बाइक जब्त

**खरगोन, निप्र।** जिले में कराये पर पिकअप, जेसीबी मशीन और ट्राली लेने के बाद उन्हें महाराष्ट्र ले जाकर गिरवी रखने वाला शातिर ठग पुलिस के हत्थे चढ़ा है। उल्लेखनीय है कि पिछले दो माह में लगातार जिले के गोगावां और भगवानपुरा थानाक्षेत्र से पीड़ित वाहन मालिक एसपी को शिकायतें कर चुके है। बुधवार को मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि श्रीराम निवासी ग्राम रायसागर ने प्रकाश जाधव पिता नन्दुलाल जाधव निवासी ग्राम दगडखेड़ी को जेसीबी क्रमांक एमपी12 डीए 0266 दो माह के लिए 70 हजार रुपये में किराये पर दी थी। जब अक्टूबर माह में जेसीबी वापस नही मिली तो श्रीराम ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया कि प्रकाश ने उक्त जेसीबी को जलगांव महाराष्ट्र में साढ़े तीन लाख रुपये में गिरवी रख दी है। इसी तरह गोगावां थाने पर भी ऐसी ही शिकायत प्रकाश के खिलाफ दर्ज कराई गई थी। दोनों प्रकरणों के मामले में प्रकाश की गिरफ्तारी के लिए संभावित स्थानों पर दबिश दी गई। परिणामस्वरूप प्रकाश को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में जेसीबी एवं 01 पिकअप जलगांव महाराष्ट्र में तथा 01 पिकअप सिरपुर धुलिया महाराष्ट्र, 01 पिकअप जुलवानिया जिला बड़वानी, 01 ट्राली बन्हेर थाना बिस्टान, 01 ट्राली मुवासिया थाना चैनपुर एवं 01 मोटरसायकल होण्डा शाईन मोंगरगांव थाना बिस्टान में गिरवी रखना बताया। सभी वाहन 8 लाख 28 हजार रुपये में गिरवी रखना बताया। उक्त सभी वाहनों की तलाश कर गिरवी रखने वालों के पास से वाहनों को थाना भगवानपुरा लाया गया है। आरोपी प्रकाश को जिला जेल खरगोन दाखिल किया गया।